# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## अभिषद् की बैठक दिनांक 07.05.2024 का कार्यवृत्त

समयः– 05:00 बजे अपराह्न
स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष।
उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 5. | डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 6. | प्रो0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 7. | डॉ0 श्याम चन्द्र गुप्ता, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 8. | प्रो0 शाहिद हसन, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 10. | डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 11. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 12. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 13. | डॉ0 हरिनारायण सिंह | – | सदस्य |
| 14. | डॉ0 फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 15. | डॉ0 अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव |

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा गणापूर्ति की सूचना कुलसचिव से मांगी गई। कुलसचिव ने सूचित किया कि आज की बैठक के लिए गणापूर्ति पूरी हो चुकी है, इसलिये माननीय अध्यक्ष से अनुरोध है कि बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति दी जाए। कुलपति–सह–अध्यक्ष से अनुमति प्राप्ति उपरान्त कुलसचिव–सह–सचिव सभी आगत सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा बैठक आयोजन किये जाने के उद्देश्य से सदस्यों को अवगत कराया गया तथा राजभवन पटना के निर्देश के आलोक में आगामी आयोजित होने वाली अधिषद् की सामान्य बैठक (शैक्षणिक) हेतु सदस्यों द्वारा निर्णय लिया जाना है। तत्पश्चात बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि आज की बैठक के कार्यसूची के मद सं0 01 में अंकित तिथि 10.04.2024 के अतिरिक्त दिनांक 06.03.2024 को भी अंकित किया जाय। सदस्यों द्वारा संशोधन की स्वीकृति उपरान्त कार्यसूची में परिर्वतन किया गया एवं मद सं0 01 में दिनांक 06.03.2024 एवं 10.04.2024 अंकित किया गया।

निम्नांकित मदों पर विचार किया जायः–

मद सं0 1. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 06.03.2024 एवं 10.04.2024 के कार्यवृत्तों की सम्पुष्टि पर विचार।

Scanned with CamScanner

निर्णयः अभिषद् की बैठक दिनांक 06.03.2024 एवं 10.04.2024 के कार्यवृत्तों को सम्पुष्टि के क्रम में निम्नांकित संशोधन किया गया :— (1) अभिषद की बैठक दिनांक 06.03.2024 के मद संख्या 2 के निर्णय में अंकित संतोष व्यक्त के स्थान पर अनुमोदित अंकित कर पढ़ा जाय, (2) अन्यान्य मद संख्या 2 में दीक्षान्त समारोह 15 सितम्बर से 15 अक्टुबर, 2024 के मध्य में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दीक्षांत समारोह आयोजन से संबंधित पत्र राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना को प्रेषित किए जाने के उपरान्त इसकी सूचना परीक्षा नियंत्रक को प्रदान कर आयोजन की तैयारी निर्धारित अवधि में किये जाने का निर्देश दिया गया। (3) अन्यान्य मद संख्या 8 के निर्णय में गठित समिति की अधिसूचना अविलम्ब निर्गत किए जाने हेतु कुलसचिव को निर्देश दिया गया साथही सभी गठित समिति में नामित सदस्यों को बैठक में अनिवार्य रूप बैठक में सम्मलित होने का निर्देश दिया गया। (4) अन्यान्य मद संख्या 11 के निर्णय में नामित सदस्यों के क्रम संख्या 4 में अंकित "प्रतिनिधि" को विलोपित कर "महासचिव या अध्यक्ष" को अंकित किया गया एवं (5) अन्यान्य मद संख्या 12 में गठित समिति की बैठक अविलम्ब कराये जाने हेतु अध्यक्ष, छात्र कल्याण को निर्देश दिया गया।

उपरोक्त संशोधनोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 06.03.2024 एवं 10.04.2024 के कार्यवृत्तों को सम्पुष्ट किया गया।

मद सं0 2. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 10.04.2024 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णयः अभिषद् की बैठक दिनांक 10.04.2024 के अनुपालन–प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।

मद सं0 3. अधिषद् की प्रस्तावित बैठक दिनांक 20.06.2024 के संबंध में अनुमति पत्र प्राप्त होने हेतु माननीय कुलाधिपति कार्यालय को स्मार–पत्र भेजने पर विचार।

निर्णयः अधिषद् की प्रस्तावित बैठक दिनांक 20.04.2024 को निर्धारित मान सभी तैयारी किये जाने की सहमति बनी तथा माननीय कुलाधिपति महोदय कार्यालय, राजभवन पटना को प्रेषित पत्र में तिथि की समाप्ति से सप्ताह पूर्व स्मार–पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।

मद सं0 4. अधिषद् की प्रस्तावित बैठक दिनाक 20.06.2024 के संबंध में माननीय अधिषद् सदस्यों को प्रारम्भिक कार्यसूची एवं कार्यक्रम भेजने पर विचार।

निर्णयः अधिषद् की प्रस्तावित बैठक दिनांक 20.06.2024 मानकर अधिषद् सदस्यों को प्रारम्भिक कार्यसूची एवं कार्यक्रम को अधिषद् संचालन नियमावली में वर्णित प्रावधान के अनुरूप भेजने की सहमति दी गई साथ ही माननीय राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना द्वारा बैठक की तिथि निर्धारण होने के अनुरूप अंकित तिथि में परिवर्तन किये जाने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद सं0 5. अभिषद् की बैठक दिनांक 06.03.2024 को अन्यान्य मद संख्या 01 के अन्तर्गत स्थगित दो प्रस्तावित महाविद्यालयों को सत्र 2024–27 से नव संबंधन प्रदान करने पर पुनः विचार।

निर्णयः आर0के0 मिश्रा कॉलेज, चन्दौना, दरभंगा तथा विवेक सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, खाजेडीह, मधुबनी को राज्य सरकार से संबंधन की स्थिति में शैक्षणिक



Scanned with CamScanner

सत्र 2024–27 से अस्थायी सम्बन्धन दिये जाने की सहमति इस शर्तों के साथ दिया गया कि कॉलेजों द्वारा सभी निर्धारित कमी को 30 दिनों के अंदर पूरी कर ली जाए। साथ ही निर्णय लिया गया कि भविष्य में कॉलेजों को यदि निरीक्षण के क्रम में मानक अनुरूप यदि नहीं पाया जाएगा तो संबंधन वापस कर लिया जाए।

मद सं0 6. लूटन झा महाविद्यालय, ननौर, मधुबनी के दान–दाता घोषित करने के संबंध में विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

अतिरिक्त मद सं0:1. डॉ0 धनश्याम राय, एसोसिएट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को अभिषद् द्वारा स्वीकृत तीन वर्षों के ग्रहणाधिकार का शेष अवधि 22.03.2024 से 18.08.2024 तक समाप्त करने हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णयः डॉ0 घनश्याम राय, एसोसिएट प्रोफेसर, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को अभिषद् द्वारा स्वीकृत तीन वर्षों के ग्रहणाधिकार–सह–असाधारण अवैतनिक अवकाश का शेष अवधि 22.03.2024 से 18.08.2024 तक समाप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

अतिरिक्त मद सं0: 2. श्री दिवाकर कुमार सिंह, सहायक प्राचार्य, इतिहास विभाग, सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा को सहायक प्राचार्य के पद पर मैत्रेयी महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) में योगदान हेतु विरमन की तिथि 11.03.2024 के अपराह्न से दो वर्षो का स्वीकृत ग्रहणाधिकार की घटनोत्तर स्वीकृति हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णयः सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

अतिरिक्त मद सं0:3. डॉ0 रीना कुमारी, सहायक प्राचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा को सहायक प्राचार्य के पद पर इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज (उ0प्र0) में योगदान हेतु विरमन की तिथि 06.03.2024 के अपराह्न से दो वर्षों का स्वीकृत ग्रहणाधिकार की घटनोत्तर स्वीकृति हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णयः सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

अतिरिक्त मद सं0: 4. सम्बद्ध महाविद्यालयों में जिनके शासी निकाय का कार्यकाल पूरा हो चुका था, उनके स्थान पर नये गठित शासी निकायों के संबंध में कुलपति द्वारा दिये गए आदेश के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

निर्णयः बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 60 परिनियम के प्रावधानान्तर्गत निम्नलिखित सम्बद्ध महाविद्यालयों जिनके शासी निकाय का कार्यकाल पूर्ण हो चुका था उनके स्थान पर कुलपति के आदेश से गठित नये शासी निकायों की सूची को अधिसूचित मेमो सं0 के अनुरूप सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

Scanned with CamScanner

| Sl. No. | Name of the College | Memo No. & Date |
|---|---|---|
| **Darbhanga** | | |
| 1. | Mahatma Gandhi College, Darbhanga | LNMU/IC/13/24 dt. 13.01.2024 |
| 2. | Mithila Mahila College, Azamnagar, Darbhanga | LNMU/IC/14/24 dt. 13.01.2024 |
| 3. | Bahera College, Bahera, Benipur, Darbhanga | LNMU/IC/43/24 dt. 09.04.2024 |
| **Samastipur** | | |
| 1. | S.M.R.C.K. College, Samastipur | LNMU/IC/31/24 dt. 15.02.2024 |
| 2. | R.L.S.R.M.D. College, Shivajinagar, Samastipur | LNMU/IC/46/24 dt. 09.04.2024 |
| 3. | Vidhi Mahavidyalay, Samastipur | LNMU/IC/47/24 dt. 09.04.2024 |
| 4. | Sant Kabir College, Samastipur | LNMU/IC/50/23 dt. 08.02.2023 |
| **Begusarai** | | |
| 1. | R.K.A. Law College, Begusarai | LNMU/IC/48/24 dt. 18.04.2024 |

अतिरिक्त मद सं0:5. सामन्ता सिक्यूरिटी सर्विस के अनुबंध समाप्ति उपरान्त आगे विस्तार पर विचार।

निर्णयः सामन्ता सिक्यूरिटी सर्विस के अनुबंध समाप्ति 14.03.2024 की सूचना सदन को दी गई। विचारोपरान्त तत्काल आचार–संहिता को देखते हुए अनुबंध पुराने शर्तो के साथ दिनांक 15.04.2024 से अगले आदेश तक बढ़ाए जाने की घटनोत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई।

अन्यान्य मद सं0: 1. डॉ0 वैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव किया कि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की प्रोन्नति पर विचार किया जाय।

निर्णयः विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रोन्नति नियमानुकूल निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ही संपादित किया जाय। तत्संबंधित पूर्व अधिसूचित समिति में दो सदस्य नामित किए गये:–

1. डॉ0 हरि नारायण सिंह – सदस्य
2. श्री सुजीत पासवान – सदस्य

अन्यान्य मद सं0: 2. नैक मूल्यांकन के समय के विभिन्न बकाया भुगतान किये जाने पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त, विश्वविद्यालय के तीसरे चक्र में नैक मूल्यांकन के समय किए गये व्यय के लंबित भुगतान को सुनिश्चित करने हेतु एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गए :–

1. प्रो0 शाहिद हसन – सदस्य
2. डॉ0 अमर कुमार – सदस्य
3. श्री सुजीत पासवान – सदस्य
4. कुलसचिव – संयोजक

अन्यान्य मद सं0: 3. स्नातकोत्तर विभागों एवं विभिन्न महाविद्यालयों के परीक्षा कार्य से संबंधित व्यय भुगतान अविलम्ब करने पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त, स्नातकोत्तर विभागों एवं चारों जिला के महाविद्यालयों के परीक्षा कार्य से संबंधित लम्बित भुगतान को अविलम्ब किए जाने हेतु तीन सदस्यों को अधिकृत किया गया जो सिंगल विन्डो से वित्तीय परामर्शी के साथ इसका निष्पादन करेंगे। जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गए :–

1. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी – सदस्य
2. परीक्षा नियंत्रक – सदस्य
3. कुलसचिव – सदस्य



Scanned with CamScanner

अन्यान्य मद सं0: 4. विश्वविद्यालय में संचिकाओं पर अनावश्यक टिप्पणी से होने वाले समस्याओं पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि संचिकाओं पर डिसक्स सिर्फ कुलपति ही करेंगे। अन्य पदाधिकारी समुचित आपत्ति/क्वेरी ही दर्ज करेंगे जिसके प्रतिउत्तर/साक्ष्य संलग्न कर संचिका का निष्पादन ससमय हो सके।

अन्यान्य मद सं0: 5. अभिषद् की बैठक दिनांक 17.02.2024 के मद संख्या 06 में लिये गये निर्णय के आलोक में ज्ञापांक C/R/3185-93/24 दिनांक 22.02.2024 द्वारा गठित समिति में संशोधन पर विचार।

निर्णयः विचारोपरान्त ज्ञापांक C/R/3185-93/24 दिनांक 22.02.2024 द्वारा गठित समिति में श्री वैद्यनाथ चौधरी का नाम अंकित कर पुनः अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक में सम्मलित होने तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तदुपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

ह0/–
(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ह0/–
(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव–सह–सचिव

ज्ञापांकः– UB-770/24

दिनांकः– 07.05.2024

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. अभिषद् के सभी माननीय सदस्य, ल0ना0 मिथिलाविश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. सचिव, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
4. उप–सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. सभी पदाधिकारी, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट), ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0ना0 मिथिलाविश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवंआवश्यक कार्यार्थ।

07/05/2024
कुलसचिव

Scanned with CamScanner